हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 18 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए देश की प्रगति और गरीबों तथा वंचितों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।श्री मोदी ने कल चंडीगढ़ में एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि बैठक में सुशासन और लोगों के जीवन-स्तर को बेहतर बनाने पर व्यापक चर्चा हुई।बैठक में भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित थे। बैठक में संविधान का अमृत महोत्सव मनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में एनडीए के 17 मुख्यमंत्रियों और 18 उप-मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया।भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि यह किसी गैर-कांग्रेसी सरकार की पहली बैठक थी और इसमें सभी दलों ने भागीदारी की। उन्होंने कहा कि बैठक में छह संकल्प पारित किये गये।प्रधानमंत्री ने सम्मेलन में विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन भी किया।

....

हरियाणा कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप सी व डी के विभिन्न पदों पर जारी भर्तियों के परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए हैं। आयोग ने करीब 24 हजार अभ्यार्थियों का परिणाम जारी किया है।

उन्होंने बताया कि ग्रुप सी के कुल पदों की संख्या 25500 व ग्रुप डी के कुल पदों की संख्या 2600 थी। इन पदों पर करीब 24 हजार अभ्यार्थियों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में यह पहली बार हुआ है कि विभिन्न वर्ग का इतने सारे पदों के लिए एक साथ परिणाम घोषित किया गया है।आयोग के

अध्यक्ष ने बताया कि इस परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवार सीधे अधिकारिक वेबसाइट https://hssc.gov.in/Result के माध्यम से अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

****

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने स्रोत पर कर-संग्रह और करों की कटौती के लिए क्रेडिट दावा प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए आयकर नियमों में संशोधन किए हैं।इसका उद्देश्य स्रोत पर कर-संग्रह भुगतान लेने वाले के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को क्रेडिट देने की आज्ञा देना है। जैसे नाबालिग के मामले में उसके माता पिता हो सकते हैं , जब नाबालिग की आय माता पिता की आय के साथ जोड़ी गई हो । संशोधन के अनुसार, स्रोत पर संग्रहित कर का लाभ नाबालिग के माता-पिता को दिया जा सकेगा।

****

केंद्र ने वर्ष 2018 के **शत्रु संपत्ति निपटान आदेश** में संशोधन किए हैं। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि संपत्ति निपटान के लिए मूल्यांकन की सीमा में संशोधन किया गया है। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में एक करोड़ रुपये से कम और शहरी क्षेत्रों में पांच करोड़ रुपये से कम मूल्य की संपत्तियों को पहले मौजूदा निवासियों को खरीदने के लिए पेश किया जाएगा। संशोधन में, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की परिभाषाओं को भी स्पष्ट किया गया है।

****

हरियाणा में मंत्रिमण्डल के गठन के बाद आज मंत्रियों को हरियाणा सचिवालय के आठवें ताल पर कार्यालय के लिए कक्ष आवंटित कर दिए गए है। वहीं महिपाल

ांडा को छठे टल पर,अरविन्द शर्मा को पांचवे तल पर और राजेश नागर व आरती राव को नौवें तल पर कक्ष आवंटित किया गया।

****

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय समारोह **रत्नावली** का आयोजन 25 से 28 अक्टूबर तक किया जाएगा । रत्नावली महोत्सव के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने 14 समितियां बनाई हैं। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि रत्नावली कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ही नहीं अपितु पूरे हरियाणा के लिए एक ऐसा महोत्सव है जिसमें हर वर्ष प्रदेश भर से हजारों की संख्या में कलाकार भाग लेते हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि समितियों का गठन इस महोत्सव को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए किया गए है ।

****

कुरुक्षेत्र अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने अवैध रूप से पटाखे बेचने के आरोप में बलवंत सिंह उर्फ़ बंदु वासी बाबैन को गिरफ्तार कर उसके कब्जा से 147 किलोग्राम पटाखे बरामद करने में सफलता हासिल की है ।पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बलवंत सिंह उर्फ़ बंदु को बाबैन में स्थित मकान से बिना लाईसैंस/अनुमति के पटाखे बेचने के आरोप में काबू किया । आरोपी के कब्जा से 147 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद हुए । आरोपी के खिलाफ थाना बाबैन में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय अदालत के निर्देशानुसार जमानत पर रिहा कर दिया ।

****

जींद जिले के शादीपुर गांव के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान से संबंधित नवीन परियोजनाओं और मॉडलों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बहुत आकर्षक मॉडल बनाए, जिसमें पराली प्रदूषण की ज्वलंत समस्या के समाधान के लिए बने मॉडल भी शामिल थे। बच्चों ने किसानों द्वारा पराली जलाने की समस्या के समाधान के लिए मॉडल बनाकर यह बताने का प्रयास किया कि विभिन्न माध्यम से भी आप पराली जलाने की समस्या से निजात पा सकते हैं।

****